राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह मार्च, 2025 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं। **राज्य का माह मार्च**, 2025 **का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक 396.66** (**प्रावधानिक**) **अंक रहा। सूचकांक में गत माह फरवरी**, 2025 **के सूचकांक 396.93 की तुलना में (-)0.07 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च**, 2025 **में** 1.96 **प्रतिशत (मार्च** 2024 **की तुलना) रही है। माह मार्च**, 2025 **में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक** 442.54 **एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक** 568.08 **तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक** 309.58 **अंक रहा है।** राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है -

1. **प्राथमिक वस्तु समूह** (**भार** 33.894%): माह मार्च, **2025** में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **442.54** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **(-)0.21** प्रतिशत की कमी देखी गई। प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में कमी का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **(-)0.11** प्रतिशत एवं खनिज उप समूह सूचकांक में **(-)0.90** प्रतिशत कमी होना रहा। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह में 0.24 प्रतिशत की वृद्धि एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **(-)0.88** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत अनाज में (-)6.12 प्रतिशत, दालों में **(-)6.77** प्रतिशत, सब्जियों में **(-)14.42** प्रतिशत, मसालों में (-)4.00 **प्रतिशत** एवं रेशा में **(-)4.35** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में (-)0.90 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः चूना पत्थर में **(-)0.25** प्रतिशत, चाँदी में **(-)20.91** प्रतिशत एवं निर्माण पत्थर में **(-)0.22** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (मार्च, **2024** की तुलना मार्च, **2025** में) 4.55 प्रतिशत दर्ज की गई है।
2. **ईंधन**, **शक्ति**, **प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह** (**भार** 16.253%): माह मार्च, **2025** के दौरान इस समूह का सूचकांक **568.08** रहा, जिसमें गत माह की तुलना में (-)0.01 की कमी दर्ज की गई। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक में कमी का मुख्य कारण इसके अंतर्गत पेट्रोल, डीजल एवं **LPG** गैस समूह में **(-)0.01** प्रतिशत की कमी होना रहा। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (मार्च, **2024** की तुलना मार्च, **2025** में) **(-)**0.88 प्रतिशत दर्ज की गई।
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह** (**भार** 49.853%): का सूचकांक माह मार्च, **2025** में 309.58 अंक रहा, जिसमें गत माह की तुलना में 0.04 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत केमिकल उत्पाद उप समूह के सूचकांक में 0.59 प्रतिशत और गैर धातु और खनिज उत्पाद में 0.01 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (मार्च, **2024** की तुलना मार्च, **2025** में) 0.04 प्रतिशत दर्ज की गई।

थोक मूल्य सूचकांक मार्च, 2025 (**आधार वर्ष** 1999-2000=100)

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन मार्च, 2025 में	
			मार्च*, 2025	फरवरी, 2025	मार्च, 2024	फरवरी, 2025	मार्च, 2024
1	2	3	4	5	6	7	8
I	प्राथमिक वस्तु समूह	33.894	442.54	443.49	423.29	-0.21	4.55
	(अ) कृषि वस्तुओं के उप समूह	29.933	436.59	437.07	414.77	-0.11	5.26
	(ब) खनिज उप समूह	3.961	487.50	491.95	487.69	-0.90	-0.04
II	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	16.253	568.08	568.11	573.14	-0.01	-0.88
III	विनिर्मित उत्पाद समूह	49.853	309.58	309.46	305.74	0.04	1.26
	सामान्य सूचकांक	**100.00**	**396.66**	**396.93**	**389.04**	**-0.07**	**1.96**

*प्रावधानिक

Signature Not Verified
Digitally Signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date :28-04-2025 05:46:38